शुक्रवार, 21 सितंबर 2018
हिन्दुस्तान

फरीदाबाद LIVE युवा

'लुभाने वाले लिंक पर क्लिक न करें'

पलवल | हमारे संवाददाता

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव कविता कंबोज के मार्गदर्शन में फ्रीडम विद रिस्पांसिबिलिटी कैंपेन चलाया गया। इसके तहत ओम इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धर्म पब्लिक स्कूल व बीपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलवल में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान शिविरों में पैनल अधिवक्ता हरमीत कुमारी और मधु वशिष्ठ ने छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने स्कूल के बच्चों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। इसमें बच्चों को बताया गया कि वो अपनी निजी जानकारी किसी के साथ भी साझा न करें और अपना पासवर्ड महीने में एक बार जरूर बदलें। यह भी बताया कि किसी भी लुभाने वाले लिंक पर क्लिक न करें, इससे आपका डाटा हैक हो सकता है। बच्चों को नेट प्रयोग करते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए, उसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। बच्चों को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, मॉडल प्रॉसिक्यूशन स्कीम, पीड़ित मुआवजा अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी गई।

ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता पर कार्यशाला

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में गुरुवार को एमएससी और बीसीए के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर विभाग द्वारा ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डिजिटल शक्ति अभियान से कुड जेनिस वर्गीस रही। कुड जेनिस वर्गीस ने डिजिटल साक्षरता और उसके अनुप्रयोगों के महत्व को विस्तार से समझाया। छात्रों को सुरक्षा उपकरणों और प्रक्रियाओं के बारे में ज्ञान दिया, साइबर अपराध, सुरक्षा उपायों को समझाया। उन्होंने जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार की विशेषताओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित होने चाहिए। अंत में कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सचिन गर्ग ने सभी का धन्यवाद किया।